प्रेषक,

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा),
नैनीताल ।

सेवा में,

प्रबन्धक,
पी0डी0 मैमोरियल स्कूल,
अशासकीय प्राथमिक विद्यालय,
बिठौरिया, पो0ओ0– हरिपुरनायक,
विकास क्षेत्र– हल्द्वानी (नैनीताल)।

पत्रांक:–बे0शि0/5057–59/मान्यता(4)/2013–14   दिनांक 31 3 2014

विषय:– विद्यालय की मान्यता के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक– शून्य दिनांक 27–03–2014 के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कार्यालय अभिलेखानुसार पी0डी0 मैमोरियल स्कूल, अशासकीय प्राथमिक विद्यालय, बिठौरिया, पो0ओ0– हरिपुरनायक, विकास क्षेत्र– हल्द्वानी (नैनीताल) को पूर्व में विभाग द्वारा कतिपय प्रतिबन्धों सहित प्राथमिक विद्यालय स्तर की अस्थाई मान्यता प्रदान की गई है।

सम्प्रति निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत प्रति वर्ष सत्र के आरम्भ में स्व– घोषणापत्र नियमानुसार पूरित कर खण्ड शिक्षा अधिकारी, हल्द्वानी (नैनीताल)/उप शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0), हल्द्वानी (नैनीताल) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आपके द्वारा विद्यालय को स्थायी मान्यता प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है किन्तु निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत सम्प्रति स्थायी मान्यता प्रदान किये जाने का प्राविधान नहीं है।

अतः आपकी संस्था पी0डी0 मैमोरियल स्कूल, अशासकीय प्राथमिक विद्यालय, बिठौरिया, पो0ओ0– हरिपुरनायक, विकास क्षेत्र– हल्द्वानी (नैनीताल) को पूर्व में विभाग द्वारा कतिपय प्रतिबन्धों सहित प्राथमिक विद्यालय स्तर की प्रदत्त अस्थाई मान्यता ही नियमित रहेगी तथा इस निमित्त नवीनीकरण कराये जाने की आवश्यकता नही है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि आपकी प्रबन्ध समिति द्वारा संचालित पी0डी0 मैमोरियल स्कूल, अशासकीय प्राथमिक विद्यालय, बिठौरिया, पो0ओ0– हरिपुरनायक, विकास क्षेत्र– हल्द्वानी (नैनीताल) का स्व– घोषणापत्र, प्रति वर्ष उक्तानुसार उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

भवदीय,

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0 शिक्षा)
नैनीताल।

पत्रांक:–बे0शि0/   /मान्यता(4)/2013–14.   उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास क्षेत्र– हल्द्वानी (नैनीताल)।
2– उप शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0), विकास क्षेत्र– हल्द्वानी (नैनीताल)।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0 शिक्षा)
नैनीताल।

P.D. Memorial School
Recognized
Bithoriya Haldwani.

d Optional). Hence mandatory fields sho

Certification Status: Certified o
Sections
TEACHING AND NON-TEACHING
Section 3A